# कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक
# जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र WCDC, जिला – गरियाबंद (छ.ग.)
## विज्ञापन

क्रमांक / PMKSY-WDC-2.0 / 2023–24 / 5028 गरियाबंद, दिनांक 21/02/2024

छ.ग. राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर, लाभाण्डी रायपुर के पत्र क्र. 662 दिनांक 29.09.2022 के द्वारा WDC-PMKSY-2.0 अंतर्गत वर्ष 2021–22 में गरियाबंद जिला के विकासखण्ड देवभोग में स्वीकृत परियोजना PMKSY-WDC-2.0/01 देवभोग में 09 एवं विकासखण्ड गरियाबंद में स्वीकृत परियोजना PMKSY-WDC-2.0/02 गरियाबंद हेतु 07 माइक्रोवाटरशेड में परियोजना अवधि तक के लिए प्रत्येक माइक्रोवाटरशेड कमेटी के सचिव पद पर एकमुश्त रू. 5000.00 मासिक मानदेय पर भर्ती हेतु वर्गवार एवं जलग्रहण समितिवार बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 19.03.2024 कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक आवेदन आंमत्रित किया जाता है।

**माइक्रोवाटरशेड समितिवार सचिव भर्ती हेतु पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है:–**

| क्र. | परियोजना का नाम | पद का नाम | माइक्रो वाटरशेड कोड | जलग्रहण समिति का नाम | सम्मिलित ग्राम का नाम | कुल पदों की संख्या | वर्गवार पदों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | अनारक्षित | | अ.पि.व. | अनु.जाति | अनु. जनजाति | |
| | | | | | | | मुक्त | महिला | | | मुक्त | महिला |
| 1 | Gariaband-WDC 2/ 1/2021-22 Block-Deobhog (NGWDP-01) | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति सुपेबेड़ा | 4G1G6B2a | जलग्रहण समिति सुपेबेड़ा | सेंदमुड़ा, मोटरापारा, सुपेबेड़ा ,सागौनबाड़ी | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 2 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति निष्ठीगुड़ा | 4G1G6B2b | जलग्रहण समिति निष्ठीगुड़ा | सेंदमुड़ा, परेवापाली, निष्ठीगुड़ा, फुलीमुड़ा | 1 | - | 1 | - | - | - | - |
| 3 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति दहीगांव | 4G1G6B2c | जलग्रहण समिति दहीगांव | कोसमकानी ,दहीगांव, दबनई, नवागुड़ा | 1 | - | - | 1 | - | - | - |
| 4 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति डुमरबहाल | 4G1G6B2d | जलग्रहण समिति डुमरबहाल | कुम्हईकला, दबनई, नवागुड़ा, डुमरबहाल, कोदोबेड़ा | 1 | 1 | - | - | - | - | - |
| 5 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति माड़ागांव | 4G1G6B2e | जलग्रहण समिति माड़ागांव | माड़ागांव, पुरनापानी, कोदोबेड़ा, कुम्हईकला | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| 6 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति कोडकीपारा | 4G1G6B2f | जलग्रहण समिति कोड़कीपारा | झाखरपारा, सरगीबहली, कोडकीपारा ,सहसखोल, दरलीपारा, उसरीपानी | 1 | - | - | - | 1 | - | - |
| 7 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति झाखरपारा | 4G1G6B2g | जलग्रहण समिति झाखरपारा | उसरीपानी, ख्वासपारा, बीसीपारा, कोदोभाठा, दरलीपारा, झाखरपारा, केन्दुवन | 1 | 1 | - | - | - | - | - |
| 8 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति झिरीपानी | 4G1G6B2h | जलग्रहण समिति झिरीपानी | झिरीपानी, टिरलीगुडा, खोकसरा | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| 9 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति खोकसरा | 4G1G6B2i | जलग्रहण समिति खोकसरा | सुपेबेड़ा, खम्हारगुडा, सागौनबाड़ी, खोकसरा | 1 | 1 | - | - | - | - | - |
| 10 | Gariaband-WDC 2/ 2/2021-23 Block-Gariaband (NGWDP-02) | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति मजरकटा | 4G2G2D3a | जलग्रहण समिति मजरकटा | डोंगरीगांव, पारागांव, आमदी, चिखली, सढ़ौली, मजरकटा | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| 11 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति केशोडार | 4G2G2D3d | जलग्रहण समिति केशोडार | डोंगरीगांव, केशोडार | 1 | - | - | 1 | - | - | - |
| 12 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति डोंगरीगांव | 4G2G2D3e | जलग्रहण समिति डोंगरीगांव | केशोडार, डोंगरीगांव | 1 | 1 | - | - | - | - | - |
| 13 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति पारागांव | 4G2G2D3f | जलग्रहण समिति पारागांव | डोंगरीगांव, छिंदौला, मरौदा, बम्हनी, आमदी, पारागांव | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| 14 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति मरौदा | 4G2G2D3g | जलग्रहण समिति मरौदा | छिंदौला, बम्हनी, मरौदा | 1 | 1 | - | - | - | - | - |
| 15 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति सढ़ौली | 4G2G2D3h | जलग्रहण समिति सढ़ौली | छिंदौला, चिखली, पारागांव, आमदी, मजरकटा, सढ़ौली | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| 16 | | माइक्रोवाटरशेड सचिव जलग्रहण समिति चिखली | 4G2G2D3i | जलग्रहण समिति चिखली | छिंदौला, खट्टी, चिखली | 1 | - | - | - | 1 | - | - |
| | | | योग :– | | | **16** | **5** | **1** | **2** | **2** | **5** | **1** |

- प्रत्येक माइक्रोवाटरशेड कमेटी में 1–1 पद भर्ती किया जाना है। उपरोक्त पदों में नियमानुसार महिला हेतु 30 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा।(महिला अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में उपरोक्त पदों पर उसी संवर्ग के योग्य अभ्यर्थी से पद भरें जायेंगे।)
- छ.ग. आरक्षण नियम, पत्र क्रमांक एफ 13–14 / 2009 / आ.प्र. / 1–3 रायपुर दिनांक 04 / 12 / 2012 का पालन किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर के आदेश दिनांक 19.09.2022 के विरूद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस. एल.पी.(सी) क्रमांक 19668 / 2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।

नियम एवं शर्ते :-

1. न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता व चयन हेतु मेरिट अंक का निर्धारण :- सचिव माइक्रोवाटरशेड की शैक्षणिक योग्यता/अनुभव का विवरण निम्नानुसार हैः-

| न्यूनतम अर्हता | चयन हेतु मेरिट अंक | | |
|---|---|---|---|
| 1. न्यूनतम अर्हता 12वीं पास। 2. माइक्रोवाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम/ग्राम पंचायत का निवासी एवं कम्प्युटर में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (12वीं अंकसूची) में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | | 85 |
| | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 | 15 |
| | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 | |
| | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 | |

2. उपरोक्त संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
3. मासिक एकमुश्त राशि का निर्धारण वह होगा, जो छ.ग. राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) द्वारा समय समय पर सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्धारित किया जावेगा।
4. प्रत्येक परियोजना हेतु पृथक-पृथक आवेदन किया जावे।
5. संविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगी। WCDC आवश्यकता के आधार पर एवं गोपनीय प्रतिवेदन से उपयुक्तता का आंकलन कर सेवा वृद्धि का निर्णय लिया जावेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
6. माइक्रोवाटरशेड में सम्मिलित ग्राम/ग्राम पंचायत के स्थानीय निवासी की पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।
7. जन्मतिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. आवेदक का छ.ग. राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन की स्व प्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
9. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को सक्षम प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
10. उम्मीद्वार को दिनांक 01.01.2024 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अन्य विशेष वर्ग जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला उम्मीद्वारों के लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी।
11. शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. आवेदन करने के पहले विज्ञापन में प्रकाशित आवश्यक शैक्षणिक एवं अर्हताओं के अनुरूप अपनी अर्हता स्वयं सुनिश्चित कर लेवें एवं अर्हता की समस्त शर्तो की पूरा करने की स्थिति से पूर्णतः संतुष्ट होने की स्थिति पर ही आवेदन करें।
13. अनुभव प्रमाण पत्र हेतु संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि आवेदक संबंधित कार्यालय में किस पद एवं कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा है।
14. उपरोक्त पदो पर न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव के अंक के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
15. चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी। नियुक्ति निरस्त करने का अधिकार नियुक्तकर्ता अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
16. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे। ऐसे आवेदन पत्रों के संबंध में कोई अलग से सूचना नहीं दी जायेगी और न ही आवेदन तिथि के पश्चात त्रुटि सुधार का अवसर प्रदाय किया जावेगा।

17. लिफाफे में परियोजना का नाम एवं जलग्रहण समिति का नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जावे। लिफाफे में परियोजना का नाम एवं जलग्रहण समिति का नाम उल्लेख नहीं होने पर लिफाफा नहीं खोला जावेगा तथा आवेदन को अपूर्ण मानते हुए निरस्त कर दिया जावेगा।
18. आवेदन बंद लिफाफे में कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC, छुरा रोड, ग्राम कोकड़ी, जिला–गरियाबंद छ.ग. में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 19.03.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक स्वीकार किए जायेगें। व्यक्तिगत रूप से एवं समय–सीमा पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
19. संविदा नियुक्ति हेतु गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
20. प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा 1. हाई स्कूल की अंकसूची 2. हायर सेकण्डरी स्कूल की अंकसूची 3. निवास प्रमाण पत्र 4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों हेतु) 5. अनुभव प्रमाणपत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र (शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए) 6. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन इत्यादि स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ संलग्न किया जावे।
21. नियुक्ति संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय उप संचालक कृषि जिला गरियाबंद छ.ग. के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट **www.gariaband.gov.in** पर देखा जा सकता है।
22. आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज/अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
23. छ.ग. आरक्षण नियम, पत्र क्रमांक एफ 13–14/2009/आ.प्र./1–3 रायपुर दिनांक 04/12/2012 का पालन किया गया है।
24. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगा।

**(कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC द्वारा अनुमोदित)**

उप संचालक कृषि
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला–गरियाबंद (छ.ग.)**

## माइक्रोवाटरशेड सचिव पद पर नियुक्ति हेतु
## आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट फोटो चस्पा करें।

प्रति,

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला – गरियाबंद छ.ग.**

1. आवेदित पद का नाम : माइक्रो वाटरशेड सचिव,
   माइक्रोवाटरशेड समिति का नाम....................
2. आवेदक का नाम : ..........................................................................
3. पिता / पति का नाम : ..........................................................................
4. वर्ग (अना. / अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.वर्ग) : ..........................................................................
5. लिंग (पुरूष / महिला) : ..........................................................................
6. जन्म तिथि : ..........................................................................
7. आयु (01.01.2024 के अनुसार) : वर्ष ------- माह ------ दिन ----
8. स्थायी पता : ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................
9. पत्र व्यवहार का पता : ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................
10. दूरभाष क्रमांक (यदि कोई हो) : ..........................................................................
11. क्या आवेदक जिस माइक्रो वाटरशेड समिति में आवेदन कर रहा है, उस माइक्रोवाटरशेड समिति में सम्मिलित ग्राम का निवासी है ? (हां / नहीं) : ..........................................................................
12. शैक्षणिक योग्यता :

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | वर्ष | परीक्षा परिणाम | | | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

13. अनुभव– संस्था का नाम ------------------------------------------------------------
    पद का नाम ------------------------------------------------------------

| | |
|---|---|
| अनुभव की अवधि – | |
| अनुभव का कार्यक्षेत्र – | |

14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन ..........................................................................
    रोजगार कार्यालय का नाम ..........................................................................

टीप – जाति, मूलनिवासी, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता अन्य चाही गई योग्यता अनुभव, व्यावसायिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं अन्य प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।

## घोषणा पत्र

मै घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक से पूर्णतः सत्य है। इसमें से कोई जानकारी गलत/असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा, तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताये मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उनका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

स्थान ------

दिनांक ------

आवेदक के हस्ताक्षर
( आवेदक का पूरा नाम )

संलग्न प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. ---------------- | 2. ---------------- | 3. ---------------- |
| 4. ---------------- | 5. ---------------- | 6. ---------------- |
| 7. ---------------- | 8. ---------------- | 9. ---------------- |